प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

कीमती लावारिस बैग को पीआरवी ने उसके स्वामी के किया सुपुर्द

थाना कोतवाली नगर पर तैनात पीआरवी वाहन संख्या 1833 (तैनात कर्मचारीगण हे0का0 सुभाष चंद, का0 रजनीश कुमार, हो0गा0 इरशाद) पर हरगांव रोड पर शाहमहोली के पास एक अज्ञात लगेज बैग के मिलने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर बैग को चेक किया गया । जिसमें कुछ कीमती सामान,जेवरात, पैसे एवम् कागजात थे। तलाश में एक मो0 नं0 मिला जिस पर संपर्क किया गया तो उक्त मो0नं0 डॉ नीलिमा जैन लखनऊ का था वार्ता के क्रम में डॉ नीलिमा ने बताया कि उनके ससुर श्री ए.के. जैन उत्तराखंड से लखनऊ लौट रहे थे। तत्पश्चात् श्री ए.के.जैन से संपर्क करते हुए उनके आने का इंतजार किया गया। जिनके पहुंचने पर उक्त बैग को सुपुर्द कर दिया गया। बैग प्राप्त होने पर इनके द्वारा सीतापुर पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया गया एवम् जनसामान्य द्वारा भी उक्त कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।